Title: Need to draw a blueprint for all round development of Azamgarh district

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): उत्तरप्रदेश जनपद आज़मगढ़ में महाविकास की योजना की रूपरेखा नहीं तैयार होने के कारण जनपद में कोई विकास कार्य नहीं हो रहा है जिसके कारण जनपद अन्य जनपदों से काफ़ी पिछड़ा हुआ है । न तो नदियों में आई बाढ़ का कोई नियंत्रण है और न ही रिंग रोड के निर्माण का कोई नक्शा तैयार है । NH-233 पिछले 6 सालों से निर्माणाधीन है पर अभी तक पूरा नहीं हुआ । pmgsy के तहत सड़क निर्माण सत्र ख़त्म होने को है पर काम पूरा नहीं है । हर घर जल योजना जनपद में मात्र 30% सर्वे ही हो पाया है । छोटे जनपदों की विकास की रूपरेखा तैयार न होने के कारण वे बिकास की मुख्य धारा से जुड़ नहीं पा रहे हैं । मेरी सरकार से माँग है कि आज़मगढ़ को विकसित करने के लिए एक ठोस विकास का ढाँचा तैयार किया जाये और एक सिरे से उस पर काम किया जाये ।